मैंने तत्काल प्रभाव से श्रीलंका की टेस्ट टीम की कप्तानी छोड़ दी है।मेरी ईमानदार राय है कि अब यह जिम्मेदारी अगली पीढ़ी को सौंप दी जानी चाहिए। **- धनंजय डी सिल्वा**

श्रीलंकाई टेस्ट कप्तान, अपने संन्यास को लेकर बोलते हुए।

खेल जगत

आज का खिलाड़ी

कगिसो रबाडा

विश्व टेस्ट चैंपियनशिप की मौजूदा विजेता दक्षिण अफ्रीका ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ गुरुवार से डरबन में शुरू होने वाले पहले टेस्ट के लिए अपनी अंतिम एकादश घोषित कर दी है। तेज गेंदबाज कगिसो रबाडा को टीम में जगह नहीं मिली है, जबकि एनरिक नॉर्टजे की टेस्ट क्रिकेट में वापसी हुई है। रबाडा चोट से उबरने और अपनी फिटनेस हासिल करने की प्रक्रिया में हैं। उन्होंने इस वर्ष मई के अंत में इंडियन प्रीमियर लीग में गुजरात टाइटंस की ओर से खेलने के बाद से किसी भी स्तर पर क्रिकेट नहीं खेला है।

क्या आप जानते हैं ?... एशियाई खेलों में 5 भारतीय खिलाड़ियों ने पदकों की हैट्रिक लगाई, जबकि 23 खिलाड़ियों ने 2-2 पदक जीते।

अंडर-19 एशिया कप में भारत-पाक 8 नवंबर को

नई दिल्ली, 8 अक्टूबर। एशियन क्रिकेट काउंसिल ने अंडर-19 एशिया कप 2026 का शेड्यूल जारी कर दिया है। टूर्नामेंट 5 नवंबर से ओमान में शुरू होगा और 14 नवंबर को फाइनल खेला जाएगा। इस बार 8 टीमें खिताब के लिए उतरेंगी और सभी मुकाबले मस्कट स्थित ओमान क्रिकेट अकादमी के ग्राउंड-1 और ग्राउंड-2 पर खेले जाएंगे। भारत अपने अभियान की शुरुआत 6 नवंबर को नेपाल के खिलाफ करेगी। इसके दो दिन बाद 8 नवंबर को पाकिस्तान से मुकाबला होगा। ग्रुप स्टेज में भारत का आखिरी मैच 10 नवंबर को यूएई के खिलाफ होगा। टूर्नामेंट 50-ओवर फॉर्मेट में होगा और कुल 15 मुकाबले खेले जाएंगे। भारत को ग्रुप-ए में पाकिस्तान, यूएई और नेपाल के साथ रखा गया है। वहीं ग्रुप- बी में बांग्लादेश, अफगानिस्तान, श्रीलंका और मलेशिया शामिल हैं।

5 नवंबर को श्रीलंका-मलेशिया से शुरुआत

टूर्नामेंट का पहला मुकाबला 5 नवंबर को श्रीलंका अंडर -19 और मलेशिया अंडर -19 के बीच होगा। इसी दिन ग्रुप- बी में बांग्लादेश और अफगानिस्तान की टीमें भी आमने-सामने होंगी। दोनों मुकाबले सुबह 10:30 बजे शुरू होंगे। श्रीलंका-मलेशिया मैच ओमान क्रिकेट अकादमी ग्राउंड-2 और बांग्लादेश-अफगानिस्तान मैच ओमान क्रिकेट अकादमी ग्राउंड-1 पर खेला जाएगा।

हीरानंद बने भारतीय वुशू संघ के निर्विरोध राष्ट्रीय उपाध्यक्ष

जयपुर, 8 अक्टूबर। राजस्थान वुशू संघ के अध्यक्ष एवं जयपुर निवासी हीरानंद कटारिया को भारतीय वुशू संघ का निर्विरोध राष्ट्रीय उपाध्यक्ष निर्वाचित किया गया है। मेरठ में 8 अक्टूबर को आयोजित भारतीय वुशू संघ की वार्षिक साधारण सभा में एक्ट-2025 के तहत चुनाव संपन्न हुए। चुनाव अधिकारी अजय वी. नायक की देखरेख में सभी पदों पर निर्विरोध निर्वाचन हुआ। भारतीय वुशू संघ के अध्यक्ष पद पर भूपेंद्र सिंह बाजवा, महासचिव पद पर सुहेल अहमद और कोषाध्यक्ष पद पर मुरलीधर चौधरी निर्विरोध निर्वाचित हुए। भारतीय ओलंपिक संघ के ऑब्जर्वर के रूप में अमिताभ शर्मा मौजूद रहे। कटारिया के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनने पर राजस्थान वुशू संघ के मुख्य संरक्षक विनोद सिंह शेखावत, संरक्षक राजाराम मील, गोपाल सैनी, राजकुमार शर्मा, भगवान सहाय जाटवा, चेयरमैन के.सी. घुमरिया, महासचिव ममता वर्मा, कोषाध्यक्ष विजय सिंह शेखावत सहित संघ के पदाधिकारियों ने बधाई दी।

सीनियर पुरुष राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए 18 सदस्यीय टीम घोषित

जयपुर, 8 अक्टूबर। झांसी (उत्तर प्रदेश) में आयोजित होने वाली 16वीं हॉकी इंडिया सीनियर पुरुष राष्ट्रीय प्रतियोगिता में राजस्थान की टीम दमखम दिखाएगी। हॉकी राजस्थान के अध्यक्ष महिपाल सिंह ने बुधवार को प्रतियोगिता के लिए राजस्थान की टीम की घोषणा की।अलवर के मनीष चौधरी को टीम की कमान, जबकि हनुमानगढ़ के लवीश को उपकप्तान बनाया गया है। हॉकी राजस्थान के महासचिव देवेन्द्र सिंह शेखावत ने बताया कि टीम में लवीश, कुणाल कोंडल, अनुराग सुथार, मयूर टांक, साहिल राजोरिया, हरप्रीत सिंह, शैलेश पंचोली, अंकित रावत, गौरव भारद्वाज, मनीष गहलोत, आमिर, पवन कुमार यादव, हर्षवर्धन सिंह, नवीन, पुनीत, महिपाल सिंह, मनीष चौधरी और अभिषेक श्रोत्रिय को शामिल किया गया है। टीम के कोच रीतेश सैनी और मैनेजर चंद्रांश शर्मा होंगे।

पीयूष की घातक गेंदबाजी, देवेंद्र शेखावत क्रिकेट क्लब ने जीता मुकाबला

जयपुर, 8 अक्टूबर। अंडर-14 मानसून कप क्रिकेट प्रतियोगिता में देवेंद्र शेखावत क्रिकेट क्लब ने जानकीनंदन क्रिकेट अकादमी को 86 रन से हराकर मुकाबला अपने नाम किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए देवेंद्र शेखावत क्रिकेट क्लब ने 37.5 ओवर में 191 रन बनाए। लोकेश ने 43 और आयुष प्रजापत ने 42 रन की उपयोगी पारियां खेलीं। जानकीनंदन क्रिकेट अकादमी की ओर से फरदान अली ने तीन विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी जानकीनंदन क्रिकेट अकादमी की टीम 36.2 ओवर में 105 रन पर ऑलआउट हो गई। युवराज ने सर्वाधिक 28 रन बनाए। देवेंद्र शेखावत क्रिकेट क्लब की ओर से पीयूष सैनी और मुदित मीणा ने तीन-तीन विकेट लेकर टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई। शानदार गेंदबाजी के लिए पीयूष सैनी को मैन ऑफ द मैच चुना गया।

भुवनेश्वर कुमार की टीम इंडिया में वापसी

सितांशु कोटक ने अनुभव और आईपीएल फॉर्म को बताया वजह

नई दिल्ली, 8 अक्टूबर। सहायक कोच सितांशु कोटक ने बृहस्पतिवार को यहां कहा कि भुवनेश्वर कुमार के अपार अनुभव और पिछले दो आईपीएल सत्र में उनकी शानदार फॉर्म ने उन्हें न्यूजीलैंड सीरीज के लिए भारत की टी20 अंतरराष्ट्रीय टीम में वापस जगह दिलाई है। छत्तीस वर्षीय अनुभवी तेज गेंदबाज आखिरी बार नवंबर 2022 में न्यूजीलैंड सीरीज में भारत के लिए खेले थे। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के लिए शानदार प्रदर्शन के बाद भुवनेश्वर ने राष्ट्रीय टीम में वापसी की। उन्होंने 2025 और 2026 में आरसीबी की लगातार खिताबी जीत में अहम भूमिका निभाई थी। उन्होंने इन दो सत्र में 45 विकेट लिए थे (2025 में 17 और 2026 में 28)। भारतीय टीम वेस्टइंडीज के खिलाफ जारी पांच मैच की सीरीज के बाद न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20 अंतरराष्ट्रीय सीरीज खेलेगी। कोटक ने संकेत दिया कि चयनकर्ताओं को शायद युवा गेंदबाजी ग्रुप में अनुभव जोड़ने की जरूरत महसूस हुई होगी। कोटक ने यहां वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच की पूर्व संध्या पर मीडिया से बातचीत में कहा, ''चयनकर्ताओं पर निर्भर करता है। लेकिन मैं आपको अपनी सोच के आधार पर जवाब दे सकता हूं।

ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर वेदराल्ड के सिर में चोट, दिमाग पर असर

नई दिल्ली, 8 अक्टूबर। ऑस्ट्रेलिया के ओपनर जेक वेदराल्ड के सिर में चोट लगी है। वे शेफील्ड शील्ड ट्रॉफी के पहले मैच में विक्टोरिया के खिलाफ फील्डिंग के दौरान बाउंड्री पर मेटल बोर्ड से टकरा गए। मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड में बुधवार को टक्कर के बाद वेदराल्ड ठीक थे। उन्होंने दिनभर फील्डिंग भी की। लेकिन, रात में सिर की चोट गंभीर हो गई। सुबह मेडिकल टेस्ट के बाद उन्हें मैच से बाहर कर दिया गया।

खेल मंत्रालय ने आईयूएसएफ को दी राष्ट्रीय खेल महासंघ के रूप में अस्थायी मान्यता

नई दिल्ली, 8 अक्टूबर। खेल मंत्रालय ने भारत में विश्वविद्यालय खेलों के विकास के लिए भारतीय यूनिस्पोर्ट्स महासंघ को अस्थायी मान्यता प्रदान कर दी है। नवगठित संस्था के लिए संबद्धता की शर्तों में ढील दी गई है। इससे भारतीय विश्वविद्यालय संघ पर प्रश्नचिह्न लग गया है जिसको प्रशासनिक खामियों के लिए कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था। आईयूएसएफ को राष्ट्रीय खेल प्रशासन अधिनियम के प्रावधानों के अनुरूप अपने संविधान में संशोधन करने और अगले छह महीनों में एफआईएसयू से मान्यता हासिल करने का निर्देश दिया गया है।

अंडर-19 वीनू मांकड़ ट्रॉफी में राजस्थान के यथार्थ भारद्वाज का शानदार शतक

जयपुर, 8 अक्टूबर। बीसीसीआई की अंडर-23 वीनू मांकड़ ट्रॉफी में राजस्थान को मध्य प्रदेश के खिलाफ बेहद करीबी मुकाबले में 6 रन से हार का सामना करना पड़ा। राजकोट में खेले गए मुकाबले में मध्य प्रदेश ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर में 9 विकेट पर 351 रन बनाए। अर्णव शारदा ने 60 और सेजल भाड़े ने 51 रन बनाए। राजस्थान की ओर से अभिषेक मूंड और सुमित सैनी ने तीन-तीन तथा कुशाग्र ओझा ने दो विकेट लिए।

जवाब में राजस्थान की टीम 50 ओवर में 8 विकेट पर 345 रन ही बना सकी।यथार्थ भारद्वाज ने शानदार 119 रन की शतकीय पारी खेली, जबकि कुशाग्र ओझा ने 83 रन बनाए। अभय शर्मा और रजत बघेल ने 38-38 रन का योगदान दिया। अभिषेक मूंड 20 और सुमित सैनी 13 रन बनाकर नाबाद रहे। मध्य प्रदेश के सृजन दह्वात ने दो विकेट लिए।

सीके नायडू ट्रॉफी के लिए राजस्थान टीम घोषित

राजस्थान सीनियर चयन समिति ने राष्ट्रीय अंडर-23 सीके नायडू ट्रॉफी के लिए राजस्थान की 15 सदस्यीय टीम घोषित कर दी है।सिकर के हिमांशु नेहरा को टीम की कमान, जबकि आयुष अमेरिया को उपकप्तान बनाया गया है। टीम में अमोल चेलानी और मीनाफ शेख विकेटकीपर के रूप में शामिल हैं। राजस्थान अपना पहला मुकाबला 12 से 15 अक्टूबर तक हिमाचल प्रदेश के खिलाफ हिमाचल प्रदेश में खेलेगा। इसके बाद 19 से 22 अक्टूबर तक जयपुर में बंगाल से मुकाबला होगा।

राजस्थान अंडर-23 टीम घोषित : हिमांशु नेहरा कप्तान, आयुष अमेरिया उपकप्तान, सौरभ गोदारा - अलवर, अमोल चेलानी (विकेटकीपर) - अलवर, दीपेंद्र सिंह - बाड़मेर, सचिन कैथ - भरतपुर, सर्वज्ञ पानेरी - भीलवाड़ा, जयवर्धन सिंह गेहलोत - भीलवाड़ा, आयुष अमेरिया (उपकप्तान) - जयपुर, पुरोहित चगन सिंह - जालोर, राजीव दुकतावा - जोधपुर, प्रणमय चपलोत - राजसमंद, पार्थ यादव - सीकर, अंकित रोहिल्ला - सीकर, हिमांशु नेहरा (कप्तान) - सीकर, करण सिंह राणावत - उदयपुर, मीनाफ शेख (विकेटकीपर) - उदयपुर।

दिल्ली में राजस्थान के निशानेबाजों का कमाल, जीते स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक

इंडिया ओपन शॉटगन शूटिंग चैम्पियनशिप में प्रदेश के खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

जयपुर, 8 अक्टूबर। नई दिल्ली स्थित डॉ. करणी सिंह शूटिंग रेंज में 5 से 13 अक्टूबर तक आयोजित 11वीं इंडिया ओपन शॉटगन प्रतियोगिता एवं बरेटा गोल्ड कप-2026 में राजस्थान के निशानेबाजों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कई स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक अपने नाम किए हैं। क्ले पिजन स्कीट जूनियर एवं यूथ पुरुष वर्ग में तनुज राज सिंह ने दो रजत पदक जीते, जबकि महिला स्कीट स्पर्धा में प्रमदा राठौड़ ने रजत पदक हासिल किया। क्ले पिजन ट्रैप एनआर यूथ एवं जूनियर महिला वर्ग में इनाया यादव ने स्वर्णिम प्रदर्शन करते हुए दो स्वर्ण पदक जीते। जूनियर पुरुष ट्रैप वर्ग में युगांधर देव सिंह ने रजत तथा यूथ पुरुष वर्ग में कांस्य पदक अपने नाम किया। वहीं यूथ पुरुष वर्ग में सदव्यदक्ष ने स्वर्ण पदक जीतकर राजस्थान का गौरव बढ़ाया। पुरुष ट्रैप स्पर्धा में प्रिंस नंदवानी ने कांस्य और सूबी खान ने रजत पदक जीता। मास्टर्स पुरुष वर्ग में भवानी सिंह कालवी ने रजत तथा जितेंद्र सिंह सिसोदिया ने कांस्य पदक हासिल किया। राजस्थान राइफल एसोसिएशन ने सभी पदक विजेताओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

एशियन पैरा गेम्स में 111 से अधिक पदकों का लक्ष्य, भारतीय पैरा एथलीट्स को दिया गया विदाई संदेश

नई दिल्ली/जयपुर, 8 अक्टूबर। एशियन पैरा गेम्स 2026 के लिए भारतीय पैरा एथलीट्स के दल का विदाई समारोह नई दिल्ली स्थित आईटीसी मौर्या होटल में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में केंद्रीय युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। उन्होंने भारतीय खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए एशियन पैरा गेम्स में देश का गौरव बढ़ाने के लिए शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में पैरालंपिक कमेटी ऑफ इंडिया के अध्यक्ष देवेंद्र झाझरिया, डॉ. नरेंद्र सिंह, इंडिया पैरा एथलेटिक्स फेडरेशन के अध्यक्ष, एम3एम फाउंडेशन की ट्रस्टी डॉ. पायल कनोड़िया, कैप्टन एवं फ्लाइंग-बेयरर प्रमोद भगत सहित कोच, स्पोर्ट्स एडमिनिस्ट्रेटर्स और खेल मंत्रालय के अधिकारी उपस्थित रहे।

आर्कटिक ओपन के क्वार्टर फाइनल में पहुंची पी.वी. सिंधु, तन्वी शर्मा बाहर

वांता (फिनलैंड), 8 अक्टूबर। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु ने गुरुवार को जापान की रिको गुंजी को हराकर आर्कटिक ओपन के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया, जबकि तन्वी शर्मा को शीर्ष वरीयता प्राप्त थाईलैंड की रत्चानोक इंतानोन के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा।

छठी वरीयता प्राप्त सिंधु ने गुंजी के खिलाफ शानदार प्रदर्शन करते हुए 21-9, 21-12 से आसान जीत दर्ज की। अब क्वार्टर फाइनल में उनका सामना शीर्ष वरीयता प्राप्त इंतानोन से होगा। इस मुकाबले की विजेता खिलाड़ी सेमीफाइनल में जगह बनाएगी।

इंतानोन ने दूसरे दौर के मुकाबले में तन्वी शर्मा को 21-18, 21-7 से हराया। तन्वी ने पहले गेम में चुनौती पेश की, लेकिन दूसरे गेम में इंतानोन ने दबदबा बनाते हुए सीधे गेम में मुकाबला अपने नाम कर लिया।

सिंधु और इंतानोन के बीच आमने-सामने के रिकॉर्ड में थाई खिलाड़ी का पलड़ा भारी है। दोनों के बीच अब तक 14 मुकाबले हुए हैं, जिनमें इंतानोन ने 10 और सिंधु ने चार मुकाबले जीते हैं। दोनों खिलाड़ियों की पिछली भिड़ंत 2022 में इंडोनेशिया मास्टर्स में हुई थी, जहां इंतानोन ने सिंधु को 21-12, 21-10 से हराया था।

देशभर के 500 खिलाड़ी जोधपुर में खेलेंगे साइकिल पोलो

जोधपुर, 8 अक्टूबर। जोधपुर में 15 से 18 नवम्बर तक राष्ट्रीय साइकिल पोलो प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। प्रतियोगिता में देश के 20 राज्यों एवं केंद्रशासित प्रदेशों से करीब 500 खिलाड़ी, प्रशिक्षक, प्रबंधक एवं खेल अधिकारी भाग लेंगे। शिवराज सिंह के निर्देशन में आयोजित होने वाला यह आयोजन देश के सबसे बड़े साइकिल पोलो खेल आयोजनों में शामिल होगा। प्रतियोगिता में विश्व विजेता भारतीय पुरुष खिलाड़ी भी हिस्सा लेंगे।

बीसीसीआई के मुख्य चयनकर्ता पद से हटे अगरकर

भारत की सफलता का श्रेय अगरकर और सिलेक्शन कमेटी को : चेतन

नई दिल्ली, 8 अक्टूबर। भारत के पूर्व क्रिकेटर चेतन शर्मा ने अजीत अगरकर को बधाई दी, जब 4 अक्टूबर को बीसीसीआई की सीनियर पुरुष चयन समिति के चेयरमैन के तौर पर उनका कार्यकाल आधिकारिक रूप से समाप्त हो गया। गौरतलब है कि अगरकर ने जुलाई 2023 में यह जिम्मेदारी संभाली थी और उन्होंने कार्यकाल बढ़ाने की मांग नहीं की थी। चेतन शर्मा, जो खुद बीसीसीआई सिलेक्शन कमिटी के चेयरमैन रह चुके हैं, ने अजीत अगरकर के कार्यकाल की तारीफ़ की। उन्होंने भारत की सफलता का श्रेय अगरकर और सिलेक्शन कमिटी को दिया और एक शानदार कार्यकाल के बाद यह पद छोड़ने पर उन्हें बधाई दी। मैं कहूंगा कि अजीत ने बहुत अच्छा काम किया है। असल में यह पूरी टीम की कोशिश है। पांच सेलेक्टर होते हैं, इसलिए मैं उन सभी पांचों सेलेक्टर को बधाई देना चाहता हूं जो वहां थे, और खासकर चीफ सेलेक्टर को, जिनकी इसमें अहम भूमिका थी। मेरी शुभकामनाएं उनके साथ हैं। उन्होंने आगे कहा कि देखिए, लोग आते हैं और जाते हैं। किसी की भी कुर्सी पक्की नहीं होती, लेकिन जब आप उस कुर्सी पर होते हैं और अच्छा काम करके जाते हैं, तो बहुत खुशी होती है। इसलिए अजीत अगरकर को बधाई और मैं उन्हें उनकी अगली पारी के लिए शुभकामनाएं देता हूं, चाहे वह किसी भी क्षेत्र में हो। अगरकर के कार्यकाल में भारत ने तीन आईसीसी ट्रॉफ़ी ट्रॉफी - 2024 में आईसीसी मेन्स टी20 वर्ल्ड कप, 2025 में आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफ़ी और 2026 में आईसीसी मेन्स टी20 वर्ल्ड कप।

पंजाब किंग्स के हेड कोच रिकी पोंटिंग की बढ़ी चुनौती, जेम्स होप्स और ब्रैड हैडिन ने छोड़ा पद

नई दिल्ली, 8 अक्टूबर। जेम्स होप्स और ब्रैड हैडिन ने इंडियन प्रीमियर लीग में पंजाब किंग्स के फ़ास्ट-बॉलिंग कोच और फ़ील्डिंग कोच के पद से इस्तीफ़ा दे दिया है। होप्स के हाल ही में क्वींसलैंड और ब्रिस्बेन हीट के हेड कोच बनने और हैडिन के न्यू साउथ वेल्स का हेड कोच बनने के बाद उनके जाने की उम्मीद पहले से ही थी।

इन इस्तीफ़ों के बाद पंजाब किंग्स के हेड कोच रिकी पोंटिंग के सामने अपने सपोर्ट स्टाफ़ में कई खाली पद भरने की चुनौती होगी। इन बदलावों के बीच, साईराज बहुतुले, जो आईपीएल 2026 में पंजाब किंग्स के स्पिन-बॉलिंग कोच थे, अब भारतीय पुरुष टीम के साथ यही भूमिका निभाने के लिए चले गए हैं। पंजाब किंग्स के लिए आईपीएल 2026 का सफ़र निराशाजनक रहा। कप्तान श्रेयस अय्यर और हेड कोच रिकी पोंटिंग की अगुवाई में टीम ने सीज़न के शुरुआती आधे हिस्से में पॉइंट्स टेबल पर दबदबा बनाए रखा-लगातार छह मैच जीते और लगभग एक महीने तक टॉप पर रही-लेकिन बाद के हिस्से में टीम का प्रदर्शन गिर गया।

शुरुआत में छह जीत, एक नो रिजल्ट और लगातार सात मैचों में बिना हारे रहने के रिकॉर्ड के साथ, पंजाब किंग्स 13 पॉइंट्स लेकर टेबल में सबसे ऊपर थी। हालाँकि, बल्ले और गेंद दोनों से खराब रणनीतिक फैसलों और कई कैच छोड़ने की वजह से टीम का फॉर्म खराब हो गया, जिससे लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ जीत दर्ज करने से पहले उन्हें लगातार छह हार का सामना करना पड़ा।

राज्य विजेता जयपुर अंडर-17 बालिका टीम का सम्मान

जयपुर, 8 अक्टूबर। हाल ही में जोधपुर में संपन्न हुई 70वीं राज्य स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता में जयपुर की अंडर-17 बालिका टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए खिताब अपने नाम किया। फाइनल मुकाबले में जयपुर की टीम ने मेजबान जोधपुर को 2-1 से पराजित कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं, अंडर-19 बालिका वर्ग में भी जयपुर टीम ने बेहतरीन प्रदर्शन किया और कांस्य पदक हासिल किया। जयपुर लौटने पर विजेता अंडर-17 टीम के खिलाड़ियों का जयपुर जिला बैडमिंटन संघ द्वारा स्वागत एवं सम्मान किया गया। संघ के सचिव मनोज दासोत एवं सिलेक्शन कमेटी के वाइस चेयरमैन अतुल गुप्ता ने खिलाड़ियों का माल्यार्पण कर अभिनंदन किया। इस अवसर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली टीम की सभी खिलाड़ियों को प्रोत्साहन स्वरूप योनेक्स टी-शर्ट एवं मोमेंटो भेंट किए गए।

जयपुर अंडर-17 बालिका टीम: पर्ल पारीक, ओजस्विता दुबे, प्रियांशी चौधरी, मानसी सैनी, रक्षणदा बिष्ट। जयपुर जिला बैडमिंटन संघ के पदाधिकारियों ने खिलाड़ियों को उनकी उपलब्धि पर बधाई देते हुए भविष्य की प्रतियोगिताओं के लिए शुभकामनाएं दीं।

खिताब से एक कदम दूर वयम-श्रेयांष की जोड़ी

अंडर-15 डबल्स के फाइनल में कर्नाटक की जोड़ी को हराकर मचाया धमाल

जयपुर, 8 अक्टूबर। राजस्थान के वयम लाम्बा और श्रेयांष चौधरी की जोड़ी ने ऑल इंडिया सब जूनियर रैंकिंग बैडमिंटन प्रतियोगिता के अंडर-15 बालक युगल वर्ग के फाइनल में जगह बना ली। दूसरी वरीयता प्राप्त वयम-श्रेयांष ने सेमीफाइनल में कर्नाटक के तीसरी वरीयता प्राप्त गौतम एस. नायर और सिद्धार्थ एस. नायर की जोड़ी को 16-14, 15-13 से शिकस्त दी। इससे पहले क्वार्टर फाइनल में उन्होंने झारखंड के समविथ रमेश और महाराष्ट्र के आदित्य योल की जोड़ी को तीन गेम के रोमांचक मुकाबले में 15-17, 15-11, 16-14 से हराया।

एकल वर्ग में वयम लाम्बा का सफर क्वार्टर फाइनल में थम गया। तेलंगाना के छठी वरीयता प्राप्त खिलाड़ी ने उन्हें 15-10, 15-13 से पराजित किया। वहीं राजस्थान के आनंद मदेरणा और युवराज सिंह की जोड़ी को भी क्वार्टर फाइनल में गौतम-सिद्धार्थ की जोड़ी ने 15-12, 15-7 से हराया। अंडर-17 मिश्रित युगल में आर्यन भट्टा और जोयल राना ने राजस्थान के अंशुमान चौधरी और महाराष्ट्र की सरायू रंजाने को 15-9, 3-15, 15-12 से मात दी।

अंडर-15 बालिका एकल में केरल की शीर्ष वरीयता प्राप्त एलिसा ने आंध्र प्रदेश की लक्ष्मी साई को 15-8, 18-16 से हराया, जबकि पंजाब की तीसरी वरीयता प्राप्त इनायत गुलाटी ने पश्चिम बंगाल की दूसरी वरीयता प्राप्त आर्यमा चक्रवर्ती को 20-21, 15-11, 15-11 से शिकस्त दी। अंडर-17 बालिका सेमीफाइनल में तमिलनाडु की लक्षा धनेश ने पंजाब की महविश कौर को 15-9, 15-8 से हराया। अंडर-15 बालक एकल के सेमीफाइनल में तमिलनाडु के लिनेश वैभव और तेलंगाना के चिन्मय वानखेड़े ने जीत दर्ज की। अंडर-17 बालक एकल में तमिलनाडु के मोहित दर्शन महेश कुमार ने तेलंगाना के श्रीचेतन शौर्य को 15-11, 15-11 से पराजित किया।

सेमीफाइनल में हारने वाले खिलाड़ियों को भारतीय हैंडबॉल संघ के सचिव एवं साउथ एशियन हैंडबॉल कमेटी के चेयरमैन तेजराज सिंह, एसडीएमएच के प्रशासनिक अधिकारी जॉर्ज थॉमस तथा राजस्थान बैडमिंटन संघ के उपाध्यक्ष एवं जिला बैडमिंटन संघ के सचिव मनोज दासोत ने पदक प्रदान किए। वयम लाम्बा और श्रेयांष चौधरी पिछले छह वर्षों से सवाई मानसिंह स्टेडियम में कोच यादवेंद्र सिंह शेखावत से प्रशिक्षण ले रहे हैं।

खाकी अब घोड़े पर सवार, पोलो के मैदान में राजस्थान पुलिस की एंट्री

उद्घाटन मैच में ब्लू टीम ने रेड को 6-2 से हराया

जयपुर, 8 अक्टूबर। राजस्थान पुलिस ने खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक और कदम बढ़ाते हुए अपनी नवगठित घुड़सवारी पोलो टीम की शुरुआत की। राजस्थान पुलिस अकादमी के हॉकी ग्राउंड में गुरुवार को आयोजित समारोह में पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा ने बॉल रोलिंग कर टीम और उद्घाटन मुकाबले का शुभारंभ किया। इसके बाद टीम रेड और टीम ब्लू के बीच प्रदर्शन मैच खेला गया, जिसमें घोड़ों की रफ्तार और खिलाड़ियों के कौशल ने दर्शकों का रोमांच बढ़ाया। टीम ब्लू ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए टीम रेड को 6-2 से हराया। डीजीपी शर्मा ने कहा कि टीम को नियमित प्रशिक्षण और सभी आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराए जाएंगे तथा भविष्य में विभिन्न प्रतियोगिताओं में उतारा जाएगा। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक एवं मुख्य खेल अधिकारी रूपिंदर सिंह ने बताया कि टीम को नियमित अभ्यास के जरिए बड़ी प्रतियोगिताओं के लिए तैयार किया जा रहा है। समारोह में राजस्थान पुलिस ऑर्केस्ट्रा बैंड की भी शुरुआत की गई। इस अवसर पर डीजीपी यातायात मालिनी अग्रवाल, राजस्थान पोलो क्लब के सचिव दिग्विजय सिंह, पूर्व पोलो खिलाड़ी कर्नल कुलदीप सिंह सहित वरिष्ठ पुलिस अधिकारी मौजूद रहे।

टेबल टेनिस : मानुष शाह और मानव ठक्कर चीन स्मैश के सेमीफाइनल में

बीजिंग, 8 अक्टूबर। भारत के मानुष शाह और मानव ठक्कर ने गुरुवार को डब्ल्यूटीटी चीन स्मैश 2026 के पुरुष युगल सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। भारतीय जोड़ी ने क्वार्टर फाइनल में चीन के लियांग जिंगकुन और शियांग पेंग को सीधे गेमों में 3-0 से हराया। दूसरी वरीयता प्राप्त भारतीय जोड़ी ने 19 मिनट तक चले मुकाबले में 11-9, 11-5, 11-4 से जीत दर्ज की। मानुष और मानव ने मुकाबले के आगे बढ़ने के साथ अपना दबदबा बढ़ाया और लगातार तीन गेम जीतकर अंतिम चार में जगह बनाई। अब सेमीफाइनल में उनका सामना स्वीडन के एंटोन कालबर्ग और क्रिस्टियन कार्लसन तथा दक्षिण कोरिया के लिम जोंगहून और ओ जुनसोंग की जोड़ी के बीच होने वाले मुकाबले के विजेता से होगा। मानुष शाह गुरुवार को मिश्रित युगल सेमीफाइनल में भी उतरेंगे। वह दिया चिताले के साथ मिलकर चीनी ताइपे की लिन युन-जू और चेंग आई-चिंग की जोड़ी का सामना करेंगे।

स्टर्नहेगन का पोलो में दमदार दांव, मेफेयर को हराकर फाइनल में एंट्री

सवाई मान गार्ड कप के पहले सेमीफाइनल में 10-8 से जीत, जोशुआ स्ज़ासार ने दागे 7 गोल

जयपुर, 8 अक्टूबर। वार्षिक जयपुर पोलो सीजन 2026 के तहत खेले जा रहे सवाई मान गार्ड कप (8 गोल) में टीम स्टर्नहेगन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल में प्रवेश कर लिया। पीपीसी ग्राउंड पर खेले गए पहले सेमीफाइनल में स्टर्नहेगन ने मेफेयर पोलो को रोमांचक मुकाबले में 10-8 से पराजित किया। स्टर्नहेगन की जीत के नायक डेनजोशुआ स्ज़ासार रहे, जिन्होंने अकेले 7 गोल दागकर टीम को जीत दिलाई। एलन शॉन माइकल ने 2 और डीनो धनखड़ ने 1 गोल किया। टीम में अशोक चांदना भी शामिल रहे। मेफेयर पोलो की ओर से शमशीर अली ने 7 और हुर अली ने 1 गोल किया। टीम में लोकेंद्र सिंह धीरावत और प्रताप सिंह कानोता भी खेले। आज रात दूसरा सेमीफाइनल : सवाई मान गार्ड कप का दूसरा सेमीफाइनल 'इवोक 2026' एग्जीबिशन मैच के रूप में शुक्रवार को राजस्थान पोलो क्लब ग्राउंड पर रात 7 बजे खेला जाएगा। इसमें टीम जयपुर और टीम नेवी पोलो आमने-सामने होंगी। टूर्नामेंट का फाइनल शनिवार, 10 अक्टूबर को शाम 7 बजे राजस्थान पोलो क्लब ग्राउंड पर फ्लडलाइट्स में होगा।